पुणा International School
Shree Swaminarayan Gurukul, Zundal

PERIODIC ASSESSMENT- 1			
Student's Name:	Roll No.:	Grade :	VIII
Date :	Time:	Subject:	Hindi
T. Sign :		Total Marks	25

* निर्देश– चारों खंड़ो के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।

(अपठित-विभाग)

प्रश्न-1 अपठित गदयांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए | **(अंक-5)**

आलस्य जीवन को अभिशापमय बना देता है। आलसी व्यक्ति परावलंबी होता है। वह कभी पराधीनता से मुक्त नहीं हो सकता। हमारा देश सदियों तक पराधीन रहा। इसका आधारभूत कारण भारतीय जीवन में व्याप्त आलस्य एवं हीन भावना थी। जैसे हमने परिश्रम के महत्त्व को समझा, वैसे ही हमारी हीनता दूर होती गई और हममें आत्मविश्वास बढ़ता गया, जिसका परिणाम यह हुआ कि हमने एक दिन पराधीनता की केंचुली उतारकर फेंक दी। परिश्रम ही छोटे-से बड़े बनने का साधन है।यदि छात्र परिश्रम न करे तो परीक्षा में कैसे सफल होंगे। मजदूर भी मेहनत का पसीना बहाकर सड़कों, भवनों, बाँधों, मशीनों तथा संसार के लिए उपयोगी वस्तुओं का निर्माण करते हैं। मूर्तिकार, चित्रकार, कवि, लेखक सब परिश्रम द्वारा ही अपनी रचनाओं से संसार को लाभ पहुँचाते हैं। कालिदास, तुलसीदास, शेक्सपियर, टैगोर आदि परिश्रम के बल पर ही अपनी रचनाओं के रूप में अजर-अमर हैं।

प्रश्नः1. उपर्युक्त गद्यांश का शीर्षक लिखिए।
प्रश्नः2. आलस्य जीवन को किस तरह अभिशापमय बना देता है ?
प्रश्नः3. जीवन में परिश्रम का क्या महत्त्व है? उदाहरण सहित समझाइए।
प्रश्नः4. धरती और जीवन को सुंदर बनाने में परिश्रम का योगदान स्पष्ट कीजिए।
प्रश्नः5 " धरती " शब्द के दो समान शब्द लिखिए|

(व्याकरण-विभाग)

प्रश्न-2 सही विकल्प चुनकर लिखिए । **(अंक-4)**

1) हिंदी भाषा की उत्पत्ति किस भाषा से हुई?
(a) अंग्रेजी (b) फ्रेंच
(c) उर्दू (d) संस्कृत

2) 'तेंदुलकर ने एक ओवर में पाँच छक्के लगाए' इस वाक्य में उद्देश्य है-

(a) छक्के (b) तेंदुलकर
(c) ओवर (d) पाँच

3) यदि हम गवाही दे दें तो काम न बन जाए' किस प्रकार का वाक्य है?

(a) इच्छावाचक (b) संकेतवाचक
(c) संदेहवाचक (d) आज्ञार्थक

(4) अर्थ के आधार पर वाक्य कितने प्रकार के होते हैं?

(a) आठ (b) दस
(c) तीन (d) चार

प्रश्न-3 निम्नलिखित शब्दों की संधि विच्छेद कीजिए| (अंक-1)

1) परमानन्द 2) युगान्तर

(लेखन-विभाग)

प्रश्न-4 निम्नलिखित विषय पर निबंध लिखिए | (अंक-4)

मेरा प्रिय खेल

अथवा

भ्रष्टाचार पर निबंध

प्रश्न-5 निम्नलिखित विषय पर पत्र लिखिए| (अंक-3)

1) अपने विद्यालय के प्रधानाचार्य को अवकाश के लिए प्रार्थना-पत्र लिखिए।

अथवा

आपकी बड़ी बहन के विवाह पर अपने मित्र को आमंत्रित करते हुए पत्र लिखिए |

(साहित्य-विभाग)

प्रश्न-6 निम्नलिखित शब्दों के समान अर्थ लिखिए | (अंक-2)

1) पुष्प 2) उर
3) रंक 4) सहन

प्रश्न-7 अतिलघु प्रश्नों के उत्तर लिखिए | (अंक-4)

1) बदलू को संसार में किस चीज़ से चिढ़ थी?
2) अहमद नगर के किल्ले में रहते हुए नेहरुजी ने कौन -सा कार्य आरंभ किया ?
3) कवि किस बात के लिए संघर्षरत रहता है?
4) हिमालय के हृदय से कौन -कौन सी नदियाँ निकली हैं ?

प्रश्न-8 लघु प्रश्नों के उत्तर लिखिए | (कोई दो) (अंक-2)

1) "अभी न होगा मेरा अंत" कवि ने ऐसा क्यों कहा?
2) कवि ने अपने जीवन को मस्त क्यों कहा है?
3) आशय स्पष्ट कीजिए -'आदमी को कूच करने के लिए एक निमित्त चाहिए।'